ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 02-08-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-08-02 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-08-03	2022-08-04	2022-08-05	2022-08-06	2022-08-07
वर्षा (मिमी)	35.0	25.0	25.0	40.0	45.0
अधिकतम तापमान(से.)	20.0	19.0	21.0	21.0	20.0
न्यूनतम तापमान(से.)	16.0	16.0	15.0	16.0	15.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	90	95	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	75	70	75	75
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	100	70	70	70
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	8	6	7	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 19.0 से 21.0 व 15.0 से 16.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/ घंटे की गति से दक्षिण-पूर्व, पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनी: 2,5 व 6 अगस्त को कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। ईआरएफएस के अनुसार, 8 से 14 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) ओं और ऐप सेंटसें र (आईओएस उपयोगकर्ताओं) ओं से डाउनलोड किया जा सकता है| पशुओं को बारिश का पानी न पिलायें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें तथा रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। अत्यधिक वर्षा के कारण फल पौधों के थालों में एकत्रित पानी के निकास की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। चेतावनी: 2, 5 व 6 अगस्त को कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मक्का	मक्का की फसल में अभी सिंचाई न करें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।
काला चना	भावर एवं मैदानी क्षेत्रो में जहॉ जल भराव की समस्या न हो, वहॉ दलहनी फसलो उर्द, मूंग एवं लोबिया की बुवाई अगस्त के प्रथम सप्ताह तक कर सकते हैं। बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। उर्द की पंत उर्द-31, पंत उर्द-40, पंत उर्द-35, उत्तरा आदि किस्मों की बुवाई 30 सेमी की दूरी पर बनी लाईनो मे 3-4 सेमी गहराई पर करें। बीज दर 12-15 किलोग्राम/हैक्टेर रखे। बीज को बुवाई से पूर्व फफूंदीनाशक एवं राइजोवियम कल्चर से उपचारित करें।
सोयाबीन	खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।
गन्ना	गन्ने की फसल में जलभराव वाले खेतों में जल निकास की व्यवस्था बनायें रखे। फसल बढ़वार अच्छी होने पर 5 फीट की ऊंचाई पर बंधाई कर लें। गन्ने की फसल में मिली बग्स का प्रकोप होने पर, मोनोक्रोटोफॉस 36 एसएल का 1500 मि.ली./हेक्टेयर की दर से 500-1000 लीटर पानी/हेक्टेयर में फसल छत्र के अनुसार छिड़काव करें।
चावल	वर्षा के पश्चात् अथवा मिट्टी में उपयुक्त नमी होने पर चेतकी/जेठी धान में 1.25 किग्रा यूरिया प्रति नाली की दर से टॉप-ड्रेसिंग करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
कद्दू	खीरा एवं चप्पन कद्दू के तैयार फलों को बाजार मे बिक्री करें।
टमाटर	पर्वतीय क्षेत्रो में टमाटर, बैंगन एवं शिमला मिर्च की फसल में बरसात के दौरान जल निकास की समुचित व्यवस्था रखें तथा समय-समय पर फलों की तुड़ाई करें।
मिर्च	किसान भाई खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें तथा रसायनों का छिड़काव अभी न करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	छोटे रोमन्थी पशुओं, जैसे भेड़, बकरी एवं नवजात गो वत्स को बरसात के दिनों मे भीगने से बचाना चाहिए ताकि उनको सर्दी/ जुकाम/न्यूमोनिया नामक बीमारी न हों।
भैंस	पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ-सफाई करके यूटरोटाने/हरीरा/गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए।
गाय	पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ-सफाई करके यूटरोटाने/हरीरा/गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए।